इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग : मार्च में 154 फीसदी बढ़ गईं नौकरियां

64 फीसदी के साथ शीर्ष पर बना है दूरसंचार क्षेत्र

नई दिल्ली। देश के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में इस साल मार्च में भर्ती में 154 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें 64 फीसदी के साथ दूरसंचार क्षेत्र शीर्ष पर बना हुआ है। क्वेस कॉर्प की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, लाइटनिंग व ऑटोमोटिव क्षेत्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में 33 फीसदी हिस्सेदारी के साथ तमिलनाडु शीर्ष पर है।

भर्ती के मामले में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश व तेलंगाना क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा है। महिलाएं अब इस उद्योग के कुल रोजगार का 78 फीसदी हिस्सा हैं। कुछ में यह 80 फीसदी तक है। महिलाओं की ऑपरेटर, क्वालिटी अश्योरेंस प्रोफेशनल्स व टेस्टिंग जैसी क्षेत्रों में तेजी से भर्ती की जा रही है। एजेंसी